राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर, 19 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने खालसा पंथ के संस्थापक दशमेश गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने गुरू गोविन्द सिंह जी को 'संत सिपाही' बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया है। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह की 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं!!' पंक्तियों का स्मरण करते हुए उनकी प्रेम, बंधुत्व, एकता की शिक्षाओं पर चलने और निर्भयता के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया।

———